खोलो साई मेरी किस्मत का ताला

खोलो साई मेरी किस्मत का ताला,
खोलो बाबा मेरी किस्मत का ताला,
ये अँधियारा जीवन मेरा थोड़ा कर दो उजाला,
खोलो साई मेरी किस्मत का ताला,

लाखो भिखारी दर तेरे आके हो गए साई धनवान है,
तेरे चरणों में साई सुख के सुना है सारे सामान है,
फिर गम की परछाइयों से मुझे तूने न निकाला,
खोलो साई मेरी किस्मत का ताला,

दुःख के गहरे काले बादल पीछा करते है मेरा,
चारो तरफ से इस जीवन में कांटो ने मुझको गेरा,
अब तेरे सिवा इस दुनिया में नहीं कोई रखवाला,
खोलो साई मेरी किस्मत का ताला,

सूली ऊपर सेहज हो जैसे ऐसे पल पल बीते है,
फुर्सत हो तो देख लो आकर कैसे साई हम जीते है,
फिर तेरी दया ने हे साई क्यों न मुझको संभाला,
खोलो साई मेरी किस्मत का ताला,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/12672/title/kholi-sai-meri-kismat-ka-taala

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |